मैराथन दौड़, विधिक जागरुकता प्रदर्शनी से किया जागरूक

छिंदवाड़ा, देशबन्धु। मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार न्यायोत्सव: विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत सुशांत हुद्दार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा के मार्गदर्शन एवं प्रेमपालसिंह ठाकुर जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नेतृत्व में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया।

मैराथन दौड़ का शुभारंभ माननीय श्री सुशांत हुद्दार साहब प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। मैराथन दल न्यायालय परिसर से ई.एल.सी. चौक, जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा, फव्वारा चौक, जेल तिराहा से वापस एम.एल.बी. स्कूल मार्ग से होते हुए वापस जिला न्यायालय छिंदवाड़ा पहुंची। मैराथन दौड़ में जिला न्यायाधीश श्री संकर्षण प्रसाद पाण्डेय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री शिवमोहर सिंह, जिला रजिस्ट्रार एवं न्यायाधीश मेहताब सिंह बघेल, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री राहुल जैन, श्री गोपाल जाटव, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री विजय कुमार खोब्रागड़े के साथ न्यायालयीन एवं विभागीय कर्मचारी, लीगल डिफेंस काउंसिल के सभी सदस्य, अधिवक्तागण, पैरालीगल वालेंटियर्स, स्वयंसेवी संगठन के सदस्य, जिला खेल विभाग के सदस्य आदि बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के अवसर पर श्री मोहित दीवान विशेष न्यायाधीश छिंदवाड़ा, जिला न्यायाधीशगण श्रीमती तृप्ति पाण्डेय, श्री अभिषेक नागराज, ज्योति बरकड़े, सुश्री संयोगिता खत्री, सुश्री अक्षिता शुक्ला, सुश्री अवनि व्यास, सुश्री प्रीति राठौर न्यायिक मजिस्ट्रेट, एस.डी.एम.छिंदवाड़ा श्री सुधीर जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में यातायात पुलिस एवं जिला चिकित्सालय स्टॉफ का विशेष सहयोग रहा। इसी कड़ी में जिला न्यायालय परिसर छिंदवाड़ा में ''विधिक जागरूकता प्रदर्शनी'' लगाई गई। प्रदर्शनी में नालसा एवं सालसा द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं जैसे नि:शुल्क विधिक सहायता, मध्यस्थता, अपराध पीड़ित प्रतिकर, लोक अदालत, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण, महिलाओ के अधिकार, संविधान की प्रस्तावना आदि की जानकारी दर्शित करने संबंधी फ्लैक्स प्रदर्शित किये गये। साथ ही उक्त योजनाओं से ब्रोशर एवं पंपलेट भी उपस्थित पक्षकारों को वितरित किये गये।

चौपाल लगाकर दी कानून की जानकारी

छिंदवाड़ा, देशबन्धु। विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से संचालित योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने एवं योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो इस हेतु सुशांत हुद्दार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन व प्रेमपाल सिंह ठाकुर,विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, विधिक सहायता अधिकारी विजय खोब्रागडे, के मार्गदर्शन में सेक्टर क्रमांक एक बिछुआ मे विधिक सेवा सप्ताह के अंर्तगत विधिक जागरूकता कार्यक्रम किया गया।

इस अवसर पर विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य श्यामल राव ने जरूरतमंद लोगों को विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं में पारिवारिक विवाद के मामलो का न्यायालय मे चल रहे मामलो का मध्यस्थता के माध्यम से शुलभ तरीके हल निकाला जाता है।

मध्यस्थता विषयों पर प्रकाश डालते हुए बताया की मध्यस्थता विवादों को निपटाने की सरल प्रक्रिया एवं निष्पक्ष प्रक्रिया है जिसमे दोनो पक्ष अपने विवाद को अधिकारी के समक्ष रखते हे ओर उन्हे सुनकर एक स्वच्छ वातावरण मे उन विवादो का निपटारा करते हे वही विवादो से होने वाले नुकसान से अवगत कराया जाता है। एमएसडब्ल्यू की छात्र शिवानी चौरिया ने उपस्थित जनो को विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं के पाम्पलेट का वितरण करते हुए लोक उपयोगी सेवाओं से अवगत कराते हुए जन हित की समस्यायो से निजात पा सके।

इस अवसर पर एमएसडब्ल्यू की छात्रा प्रीति साहू ने बताया की शासन की योजनाओं की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने और ग्रामीणों का इसका लाभ मिले, इसका प्रचार इस क्षेत्रो मे निवासरत जनो को संवाद के माध्यम से किया गया।

सार-समाचार

खापामिट्ठे में इनामी मढ़ई कल

छिंदवाड़ा, देशबन्धु। शहर से लगभग 6 किमी दूरी पर स्थित ग्राम खापामिट्ठे में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी दशमी तिथि को इनामी मढ़ई एवं अहिरी नृत्य का आयोजन किया गया है । समिति सदस्य शिव उसरेठे ने बताया कि दशमी तिथि दिन सोमवार को दोपहर 2 बजे से कार्यक्रम आरम्भ कर दिया जायेगा , इस बार मढ़ई भरने के स्थान में परिवर्तन कर सरकारी स्कूल के पास सार्वजनिक मंच पर किया गया है । अहिरी नृत्य मंडलियों को 500 रुपए से लेकर 2100 रुपए तक का पुरस्कार दिया जायेगा । कार्यक्रम में व्यापारी बंधुओं , अहिरी नृत्य मंडलियों , मढ़ई प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई है।

पेंशनर्स की मांगों को लेकर रैली कल

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा छिन्दवाड़ा के अध्यक्ष मीर जाहिद अली ने बताया कि विद्युत मंडल पेंशनर्स समाज छिन्दवाड़ा ,अभियंता संघ छिन्दवाड़ा के द्वारा संयुक्त रूप से पेंशनरों की लंबित मांगों को लेकर दिनांक 11 नवम्बर 2024 दिन सोमवार को समय दोपहर 12:30 बजे स्थान दीनदयाल पार्क में पानी टंकी के पास छिन्दवाड़ा में पेंशनर्स एकत्र होकर अपनी लंबित मांगों के लिये माननीय मुख्यमंत्री को जिला कलेक्टर के माध्यम से शांति पूर्वक रैली के माध्यम से जाकर ज्ञापन ,धरना देंगे। अत: सभी पेंशनर्स साथियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी आवाज मुख्यमंत्री महोदय तक पहुंचाने में सहयोग करें।

क्विज कॉन्टेस्ट का आयोजन

छिंदवाड़ा, देशबन्धु। भारत के पहले शिक्षा मंत्री कौन थे, जन-गण-मन को राष्ट्रगान के रूप में कब अपनाया गया, भारत का सबसे साक्षर राज्य कौन सा है, भारत के सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश की अधिकतम आयु कितनी होती है, इसी तरह के रोचक प्रश्न नगर के बालाजी पब्लिक स्कूल में आयोजित क्विज़ कॉन्टेस्ट में पूछे गए. इस प्रतियोगिता में 9वीं से 12वीं कक्षा के उर्वी, तरंगिणी, गिरि एवं जलधि हाउस की टीम ने भाग लिया जिसमें सभी राउंड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 110 अंकों के साथ गिरि हाउस की टीम विजेता रही तो वहीँ छटवीं से आठवीं कक्षा में तरंगिणी हाउस ने 78 अंकों से बाजी मारी। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमति बी अनुराधा नायडू, एसोसिएट डायरेक्टर श्री बी अभिषेक नायडू एवं श्री बी आदर्श नायडू ने सभी को उज्जवल भविष्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के अंतर्गत भारतीय ज्ञान संस्कृति परीक्षा

छिंदवाड़ा, देशबन्धु। मप्र उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार शनिवार को शासकीय पेंचव्हेली स्नातकोत्तर महाविद्यालय परासिया में भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के अंतर्गत भारतीय ज्ञान संस्कृति परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के छात्र/छात्राए सम्मिलित हुए।

सिल्लेवानी जनशिक्षा केंद्र में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

छिंदवाड़ा, देशबन्धु। शासन के आदेश अनुसार जनशिक्षा केंद्र सिल्लेवानी में जनशिक्षा केंद्र स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन शासकीय माध्यमिक शाला तंसरामॉल में किया गया। जनशिक्षा केंद्र सिल्लेवानी के अंतर्गत आने वाले सात माध्यमिक शालाओं के छात्रों ने भाग लिया। नन्हे नन्हे छात्राओं ने अपनी परिकल्पना को मॉडल के रूप में तैयार कर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। यहां से विभिन्न विधाओं के मॉडल का चयन विकासखण्ड स्तर मोहखेड़ के लिए किया गया।विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम वैष्णवी राजनकर, माध्यमिक विद्यालय घोगरी जिन्होंने सोलर फेन्सिंग फॉर फारमिंग तथा द्वितीय गौरव सिंह बघेल माध्यमिक विद्यालय तन्सरामाल का मॉडल पृथ्वी की गति से सूर्यग्रहण चन्द्रग्रहण तृतीय स्थान पर लघु नाटिका का चयन विभिन्न विधाओं में किया गया।

गाय का पूजन कर खिलाया गुड़ और चना

छिंदवाड़ा, देशबन्धु। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद प्रांत मंत्री शिव उसरेठे ने बताया कि शनिवार को गोपाष्टमी के पावन अवसर पर अहिप - राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा ग्राम खापामिठे में विधि-विधान से गाय का पूजन किया गया। गाय को गुड़, चना, रोटी खिलाया गया। विभाग मंत्री हरीश ठाकुर ने कहा कि गोपाष्टमी में गौ पूजन का बहुत महत्व है, सभी बजरंगियों ने गौ सेवा एवं गौ रक्षा का संकल्प भी लिया। इस दौरान प्रांत मंत्री शिव उसरेठे, विभाग मंत्री हरीश ठाकुर , ग्रामीण सचिव राज पहाड़े, ग्राम अध्यक्ष दुर्गेश भावरकर, प्रवीण उसरेठे इत्यादि उपस्थित थे।

गोशाला में की गायों की पूजा, मनाई गोपाष्टमी

छिंदवाड़ा, देशबन्धु। संस्कृत पुस्तकोंन्नति सभा द्वारा संचालित सन्त श्री आशारामजी गोशाला में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गोपाष्टमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। सैकड़ों साधकों ने गोशाला पहुँचकर सभी गायों की विधिवत पूजा अर्चना कर गायों को गुड़ , रोटी और दलिया खिलाया। गोपाष्टमी के दिन ही जगत के पालनहार भगवान श्रीकृष्ण ने गाय चराना शुरू किया था। गायों में 33 कोटि देवी देवता विराजमान रहते हैं ।

गायों के पूजन से सभी देवता प्रसन्न होकर मनुष्य को इच्छित फल देते हैं। देशी गायों में सूर्य नाड़ी होती हैं। इसके स्पर्श से रोग प्रतिकारक क्षमता विकसित होती हैं। जिससे मनुष्य निरोगी रहता है। गोपाष्टमी के दिन की गई गायों की पुजा अर्चना वर्ष भर अनिष्ट से बचाती है।

शास्त्रों के अनुसार, गोवर्धन पूजन के दिन भगवान कृष्ण ने देवराज इंद्र के प्रकोप से बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत उंगली पर उठा लिया था। सात दिनों बाद देवराज इंद्र का गुस्सा शांत हुआ और उन्होंने हार मान ली। आठवें दिन पूरे ब्रज में उत्सव मनाया गया जिसे गोपाष्टमी कहते है।

कार्यक्रम में अन्य जिलों के पशुपालक और कृषकों ने भी उपस्थित दर्ज की। सभी ने पशुपालन के उत्तम गुर सीखे और जैविक खेती का शानदार नजारा देखा। गोशाला प्रदेश की उत्कृष्ट गोशाला है जिसे मप्र पशु संवर्धन बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री सम्मानित कर चुकें हैं।

गोशाला में लगभग 850 गायें निवासरत हैं। जिसमें से लगभग 550 कत्लखानों से बचाई गई हैं। कार्यक्रम में जिला पशु चिकित्सालय के उप संचालक डॉ. पक्षपार, डॉ. टांडेकर, साध्वी रेखा बह , साध्वी प्रतिमा बहन, गोशाला के संचालक जयराम भाई, समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई, गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर, एमआर पराड़कर, धनाराम सनोडिया, पीआर शेरके, सुभाष इंगले , बबलू माहोरे ,ओमप्रकाश गुप्ता, अशोक कराडे, तिलक सिह पन्द्राम, राम कुमार सूर्यवंशी , सुजीत सूर्यवंशी , महेश चुगलानी, विमल शेरके, छाया सूर्यवंशी, दया परसाई, शकुंतला कराड़े आदि ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

प्रभारी मंत्री कर रहे छिंदवाड़ा की अनदेखी : कपाले

कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष ने लगाए आरोप

छिंदवाड़ा, देशबन्धु। भाजपा की सरकार ने हमेशा ही छिंदवाड़ा के साथ सौतेला व्यवहार किया है। पूर्व सीएम कमलनाथ के कार्यकाल में मंजूर हुए अनेकों कार्य रोकने के साथ ही जारी कार्यों का भी बजट रोकना इसका सबसे बड़ा उदाहरण जनता के सामने हैं।

भाजपा सरकार के नेता व मंत्री भी छिंदवाड़ा से द्वेषभाव रखते हैं इसीलिये वे यहां विकास के कार्य नहीं कराते न ही झांककर देखते हैं। इसका एक उदाहरण जिले के प्रभारी मंत्री भी है। उक्त उदगार आज कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष सुरेश कपाले ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में व्यक्त किये।सुरेश कपाले ने जारी बयान में आगे कहा कि विधानसभा से लेकर लोकसभा चुनाव तक प्रतिदिन भाजपा के नेताओं व मंत्रियों की यहां आमद रही व जनता को भरपूर झूठे सपने दिखाये। घोषणाओं व वायदों की भरमार रही, चुनाव जीतने के उपरांत से भाजपा के इन नेताओं व मंत्रियों ने आज तक पलटकर हमारे जिले की ओर नहीं देखा। भाजपा नेताओं की यह अनदेखी बता चुकी है कि भाजपा के लिये छिन्दवाड़ा केवल चुनावी अखाड़ा से अधिक और कुछ नहीं। जनता को केवल मतदाता समझने वाले भाजपा के नेता यह ना भूले की यहां की जनता जागरूक है जो खुली आंखों से भाजपा नेताओं की बेरूखी से लेकर जिले में बिगड़ी कानून व्यवस्था व थमे हुये विकास को भी देख रही।

जनता ने माननीय कमलनाथ जी के मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल को भी देखा है जब छिन्दवाड़ा का आम नागरिक भी भोपाल स्थित सीएम हाऊस में आम लोगों की तरह नहीं बल्कि खास लोगों की तरह पहुंचा करता था। प्रति माह प्रभारीमंत्री से लेकर अन्य विभागों के मंत्रियों के दौरे हुआ करते थे, किन्तु वर्तमान की भाजपा सरकार में अगस्त से नवम्बर आ आ गया पर प्रभारीमंत्री नहीं आये।

प्रभारी मंत्री को देखने तरस गई जनता- कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष सुरेश कपाले ने आगे कहा कि 13 अगस्त 2024 को मप्र के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव के द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में प्रभारीमंत्रियों को जिम्मेदारी सौंपी ताकि विकास कार्यों को गति मिले, किन्तु हमारे जिले के प्रभारी मंत्री व प्रदेश सरकार के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह तब से अब तक छिन्दवाड़ा नहीं पहुंचे।

जिले की नजता उन्हें देखने को तरस गई। भोपाल में आयोजित होने वाली बैठक में श्री राकेश सिंह लगातार शामिल हो रहे किन्तु वे छिन्दवाड़ा नहीं आ रहे, उनका यह बर्ताव बता रहा है कि जिले के विकास व बढ़ते हुये अपराधों पर समीक्षा करने का भी समय प्रभारीमंत्री जी के पास नहीं है।

बी-पैक्स के लिए सीएससी विषय पर प्रशिक्षण कार्यशाला

छिंदवाड़ा, देशबन्धु। सहकारी प्रबंध संस्थान, भोपाल के द्वारा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक छिंदवाड़ा के सहयोग से नाबार्ड प्रायोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला दिनांक 8.11 और 9.11 को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, छिंदवाड़ा के सभागृह में अभय कुमार जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ष्ठष्टष्टक्र छिंदवाड़ा, डॉ. अजय कुमार, उप निदेशक, पीके परिहार, कार्यक्रम समन्वयक, श्री पारितोष साहू, जिला प्रबंधक-सीएससी एसपीवी छिंदवाड़ा एवं छिंदवाड़ा जिले की बी-पैक्स के 52 सेवायुक्तो की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

कार्यशाला उद्घाटन में डॉ. अजय कुमार, उपनिदेशक द्वारा समितियों को बहुउद्देशीय बनाने में ष्टस्ष्ट का महत्व, आय में वृद्धि के बारें में मार्गदर्शन दिया और श्री परिहार द्वारा ष्टस्ष्ट पोर्टल पर उपलब्ध सेवाएं जैसे आयुष्मान कार्ड, विधिक सेवा, कृषि सेवा, बैंकिंग सेवा, शिक्षा संबंधी सेवा, रेल्वे टिकट आदि एवं सेवाओं पर मिलने वाले कमिशन के बारे में प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। पारितोष साहू, जिला प्रबंधक छिंदवाड़ा द्वारा प्रतिभागियों को ष्टस्ष्ट के अंतर्गत उपलब्ध सेवाएं जैसे मोबाइल रिचार्ज, पैन कार्ड, बीमा सेवा, बिजली बिल भुगतान, लोन बाजार आदि, सीएससी सेवाओं का आबादी की आवश्यकता के अनुरूप चिन्हाकन, पोर्टल के परिचालन के बारे में व्यवहारिक मार्गदर्शन दिया गया। समापन कार्यक्रम में डॉ. अजय कुमार, उप निदेशक, ढ्ढष्टरूक्रद्धशश्चड्डद्य द्वारा आभार प्रदर्शित करते हुये बैंक द्वारा उपलब्ध कराई गई व्यवस्थाओं एवं 52बी-पैक्स के प्रबंधक व कंप्युटर ऑपरेटरों के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

कांग्रेस में अब एक व्यक्ति के पास होगा सिर्फ एक पद

बूथ को मजबूत करने वरिष्ठ नेताओं ने दिये मंत्र

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन में कांग्रेस के प्रभारी, पर्यवेक्षक व ब्लॉक अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठनात्मक विषयों के साथ ही आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा हुई। क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटियों में अविलम्ब नियुक्तियां करने हेतु निर्देशित किया गया। उपस्थित प्रभारी, पर्यवेक्षक व ब्लॉक अध्यक्षों ने अपने सुझाव भी प्रस्तुत किये।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओक्टे ने आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुये कहा कि कांग्रेस की सभी कमेटियों का पुर्नगठन सतत जारी है। क्षेत्रीय कमेटियों के गठन पर जोर देते हुये कहा कि अविलम्ब नियुक्तियां कर उसकी सूचना जिला कांग्रेस को प्रेषित करें। बूथ को मजबूत करने की दिशा में ठोस कदम उठाने के साथ ही एक बूथ की जिम्मेदारी एक ही व्यक्ति को देना सुनिश्चित किया। उन्होंने आगामी दिवस में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों पर बिन्दुवार चर्चा की। कांग्रेस के मोर्चा संगठन में नियुक्तियां प्रभारी से चर्चा के उपरांत की जाये साथ ही अपनी पसंद व नापसंद को दूर रखते हुये नियुक्ति की जाएगी।

पांढुर्ना जिला प्रभारी श्री गंगा प्रसाद तिवारी ने कहा कि प्रत्येक बूथ का अध्ययन व समीक्षा करने के लिये अभी पर्याप्त समय है। जब कांग्रेस प्रत्येक क्षेत्र व जिले के कोने-कोने में मजबूत होगी तब ही कांग्रेस का प्रत्येक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मजबूत होगा। संगठन को मजबूत करने के लिये सबसे आवश्यक यह है कि हमें जनता के बीच पहुंचना होगा और सतत उनके सम्पर्क में रहना होगा, क्योंकि सम्बंधों से ही संगठन मजबूत होगा। उन्होंने आपसी मनमुटाव को दूर कर एकजुट होकर कार्य करने की सलाह दी। जामई विधानसभा प्रभारी श्री गोविंद राय ने सम्बोधित करते हुये कहा कि अब कांग्रेस में एक व्यक्ति के पास एक ही पद रहेगा। उन्होंने अपने उदबोधन में आगे कहा कि क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी में कहां बदलाव की आवश्यकता है यह भी तय करें। प्रत्येक बूथ की जिम्मेदारी, ब्लॉक एवं क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटियों के मध्य तालमेल बना रहे। उन्होंने कांग्रेस छोड़ने वालों की सूची बनाने की जिम्मेदारी प्रभारी, पर्यवेक्षक व ब्लॉक अध्यक्षों को सौंपी।

दिग्गज कवियों का होगा समागम- निनाद कला समिति के सचिव श्री आनंद बक्षी ने आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुये पूर्व सीएम माननीय कमलनाथ जी के जन्मदिवस पर आयोजित होने वाले आयोजनों पर विस्तृत जानकारी दी। माननीय कमलनाथ जी के जन्मदिवस पर दिग्गज कवियों का समागम होगा और हास्य व वीर रस की कविताओं का रस बरसेगा। ख्यातिलब्ध कवि कुमार विश्वास, सुनील जोगी, रमेश मुस्कान (हास्य), दिनेश बावरा (हास्य), कविता तिवारी (वीर) व प्रीति पांडे श्रृंगार रस की कविताओं पर अपनी शानदार प्रस्तुति देंगे।

कांग्रेस नवम्बर में मनायेगी विभिन्न कार्यक्रम- कांग्रेस के द्वारा आगामी दिवसों में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। 14 नवम्बर को पंडित जवहार लाल नेहरू जी की जयंती, 15 नवम्बर को बिरसा मुंडा जयंती, 18 नवम्बर को पूर्व सीएम श्री कमलनाथ जी का जन्मदिवस व 19 नवम्बर को राष्ट्रनेत्री श्रीमती स्व. इंदिरा गांधी जी की जयंती मनाई जाएगी। आयोजित कार्यक्रमों की आयोजन की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई।

कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ की हुई बैठक- पूर्व सीएम माननीय कमलनाथ जी के जन्मदिवस को लेकर कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ ने तैयारियों को लेकर नगर के वार्ड क्रमांक 22, 16 व 7 में बैठक कर आयोजनों को लेकर रूपरेखा तैयार की। आयोजित बैठक में विधानसभा प्रभारी राजीव तिवारी, अशोक तिवारी व अजय मैद सहित कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहनों के खातों में डाले रुपए

कलेक्टर कार्यालय के सभागृह से वीसी के माध्यम से जुड़ीं लाड़ली बहनें

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने आज प्रदेश के इंदौर जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से प्रदेश की 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1250 रुपये की 18वीं मासिक सहायता राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। इस अवसर पर कुल 1573 करोड़ रुपये की राशि का अंतरण हुआ। कार्यक्रम के माध्यम से छिंदवाड़ा जिले की 3 लाख 98 हजार 706 लाड़ली बहनों के खातों में 47 करोड़ 90 लाख 17 हजार 500 रुपये की राशि अंतरित हुई। साथ ही सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण विभाग के अंतर्गत जिले के 01 लाख 40 हजार 524 सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों के खातों में कुल 61 करोड़ 21 लाख 33 हजार रुपये की पेंशन राशि का भी अंतरण हुआ। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिले में भी किया गया था।

जिला स्तर पर कलेक्टर कार्यालय के सभागृह से कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, अपर कलेक्टर श्री के.सी.बोपचे, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास डॉ.मोनिका बिसेन, उप संचालक सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण विभाग श्री पी.राजोदिया, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण और जिले की लाड़ली बहनें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुईं। साथ ही जिले के सभी जनपद पंचायतों, ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों में कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को देखा व सुना गया । इस दौरान सभागृह में कलेक्टर श्री सिंह एवं अन्य अधिकारी व उपस्थित थे।

सांसद ने इलाज के लिए मुख्यमंत्री से दिलाई 40 हजार की आर्थिक मदद

छिंदवाड़ा, देशबन्धु। सांसद बंटी विवेक की पहल पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन जी द्वारा जरूरतमंद लोगों के इलाज के लिए लगातार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। सांसद की पहल पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने छिंदवाड़ा जिले के ग्राम काराबोह निवासी सुनील पहाड़े पिता गोपी को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी द्वारा स्वेच्छानुदान मद से 40 हजार की आर्थिक सहायता इलाज के लिए उपलब्ध कराई गई है। सुनील पहाड़े को आर्थिक सहायता मिलने से अब उसके चेहरे और नाक में आई गंभीर चोट का इलाज हो सकेगा। पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री और सांसद का आभार व्यक्त किया है। परिजनों ने सांसद से मिलकर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए मांग की थी। सांसद के प्रयासों से मुख्यमंत्री जी ने इलाज के लिए राशि स्वीकृत की हैं।

नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 451 मरीजों का पंजीयन

छिंदवाड़ा, देशबन्धु। नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर परासिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पगारा में सम्पन्न हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई जी की जयंती 25 दिसंबर तक चलने वाले नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 451 मरीजो ने पंजीयन कराया जिसमें 445 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित की गई। जांच में पाए गए 6 मरीजों को रेफर किया गया।

स्वास्थ्य शिविर को संबोधित करते हुए सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने कहा कि जिले में लगातार स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है शिविर में डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है हमारा प्रयास है कि लोगों को गांव में ही स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। सांसद ने कहा कि छिंदवाड़ा और पांढुर्ना जिले के विकास के लिए लगातार काम किए जा रहे हैं। सांसद ने शिविर में उपस्थित स्कूल के बच्चों से पूछा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने दुनिया की सबसे बड़ी कौन सी स्वास्थ्य योजना प्रारंभ की है इस पर बच्चों ने आयुष्मान भारत योजना का नाम लिया। सांसद ने स्कूलों के बच्चों द्वारा स्कूल बिल्डिंग नहीं होने की समस्या बताने पर आश्वासन दिया कि वह शीघ्र ही इस संबंध में मुख्यमंत्री जी एवं मंत्री जी से चर्चा करेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर पालिका के अध्यक्ष विनोद मालवी, अरविंद प्रताप , अरविंद राजपूत , मंडल अध्यक्ष मनीष यादव, रोटरी क्लब के अध्यक्ष दीपक खंडेलवाल, चंद्र कुमार (चंदू जैन) अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। स्वास्थ्य शिविर आज रिछेड़ा में जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आज ग्राम रिछेड़ा में आयोजित किया जाएगा। मंडल के अध्यक्ष नवजीत जैन ने क्षेत्र के लोगों से स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर जांच कराकर इलाज कराने की अपील की है।

445 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित, छह रेफर

महंत लखनपुरी महाराज ने ली समाधि

अमरवाड़ा,देशबन्धु। वैदिक मंत्र उच्चरणों के साथ समाधिस्थ महंत लखनपुरी जी महाराज हो गए। भक्तों ने नम आंखों से विदाई दी। अमरवाड़ा नगर के समीपस्थ ठेल नदी शिव मंदिर में विराजित परम पूज्य महंत लखनपुरी जी महाराज खराघाट वाले देर रात्रि ब्रह्मलीन हो गए। जिनकी समाधि ठेल नदी शिव मंदिर के समीप समाधिस्थ हुए इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तजन मौजूद रहे। जिन्होंने बाबा जी के अंतिम दर्शन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बड़ी संख्या में लोग जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

ज्ञात रहे की विगत कई वर्षों से महत लखनपुरी जी महाराज यहां पर निवासरथ थे और समय-समय पर विविध कार्यक्रम यहां आयोजित होते थे और शहर की सभी सामाजिक धार्मिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर अपना अहम योगदान देते थे और लोगों को मार्गदर्शन और प्रेरणा देते थे।

इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता उत्तम सिंह ठाकुर ने कहा कि उनका ब्रह्मलीन होना क्षेत्र की अपूरणीय क्षति है बाबा जी की कमी को कभी पूरा नहीं किया जा सकता। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है।

सार-समाचार

26 नवंबर को यूनियन करेगी राष्ट्रव्यापी आन्दोलन

गुढ़ी अंबाड़ा, देशबन्धु। सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंन (सीटू) मध्यप्रदेश किसान सभा, अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन, मध्यप्रदेश आदिवासी एकता महासभा के नेतृत्व में संयुक्त किसान मोर्चा और संयुक्त ट्रेड यूनियन मंच बनाकर राष्ट्र व्यापी आंदोलन करने तय किया गया है जिसको लेकर सभी जिला मुख्यालयों पर रैली के साथ धरना प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। छिंदवाड़ा जिले में सीटू यूनियन से संलग्न लाल झंडा कोल माइंस मजदूर यूनियन पेंच कन्हान भी इस आंदोलन को प्रमुखता से क्षेत्र के मजदूर किसानों को लेकर काली श्रम संहिताओं तथा किसानों की तबाही वाली नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करने जन जन को शामिल करते हुए आवाज बुलंद करेगा। पेंच कन्हान क्षेत्र में कार्यरत सभी कामगारों और किसानों से केंद्रीय पदाधिकारियों में अमरनाथ सिंह, मीरहसन, मार्कण्डेय मिश्रा, अशोक भारती, मो0अनवर, विकास सातनकर, संतोष साहू,नीतिन साहनी सहित सभी कार्यकर्ताओं ने उपरोक्त आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने जनता जनार्दन से आह्वान किया है।

अंशकालीन कर्मचारियों की मांगों के समर्थन में लघुवेतन कर्मचारी संघ का भोपाल में महाअधिवेशन

छिंदवाड़ा, देशबन्धु। छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष संजीव कपाले एवं संभागीय निरीक्षण समिति अध्यक्ष दीपक सावनेरे ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न विभागों मैं 25000 से ज्यादा अंशकालीन कर्मचारी कार्यरत हैं जिनको मात्र 5000 रुपये का ही मानदेय दिया जाता है कहने के लिए यह अंशकालीन जरूर है लेकिन यह अंशकालीन कर्मचारी पूर्ण कालीक के रूप में कार्य कर रहे हैं कुछ विभाग ऐसे हैं जहां दिन-रात सेवा देते हैं जैसे जनजाति कार्य विभाग छात्रावास, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जनसंपर्क विभाग, पशुपालन विभाग आदि । वर्ष 2018 मैं ?1000 रुपये का मानदेय में वृद्धि की गई थी पिछले 7 वर्ष से उनके वेतन में कोई इजाफा नहीं किया गया है जबकि कुछ कर्मचारी 25 30 वर्षों से कार्यरत है वेतन वृद्धि नहीं होने के कारण प्रदेश में कार्यरत कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय हो रही है साथ ही बच्चों की शिक्षा पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है इन्हीं समस्याओं का निराकरण करने के लिए संघ के प्रांतीय आह्वान पर प्रांत अध्यक्ष महेंद्र शर्मा के नेतृत्व में अंशकालीन कर्मचारीयो की मांगों के समर्थन मैं प्रदेश भर के लघु वेतन कर्मचारियों का विशाल महा अधिवेशन दिनांक 17 नवंबर रविवार को भोपाल के नीलम पार्क में आयोजित किया गया है लघु वेतन कर्मचारी संघ छिंदवाड़ा द्वारा सभी प्रकोष्ठों, तहसील ब्लाक, जिला कार्यकारिणी सदस्यों से विनम्र अपील है कि उक्त महा अधिवेशन में अधिक से अधिक संख्या में भोपाल पहुंचकर महा अधिवेशन को सफल बनाये।महाधिवेशन में सम्मिलित होने के लिए लघु वेतन कर्मचारी संघ छिंदवाड़ा का दल दिनांक 16 नवंबर 2024 को पेंचवहेली एक्सप्रेस से रवाना होगा।

श्री मां काली के सामने संकटा सोहगले की पूजा अर्चना

परासिया, देशबन्धु। वार्ड नम्बर 20 चीप हाउस परासिया में श्री काली माता की स्थापना की गई है। तरुण साहू, अशोक साहू ने बताया कि पूरे जिले में सिर्फ परासिया वार्ड नम्बर 20 में श्री काली जी सौम्य रूप में बैठी है, जिसे शान्ति का रूप कहा जाता है। यह माता रानी का 11वां वर्ष है । प्रति दिन पूजा अर्चना के साथ महा आरती होती है । आज महिलाओं ने माता रानी के दरबार मे संकटा सोहगले की पूजा अर्चना की ।

माना जाता है कि संकटा सोहगले पूजा करने से संकट मुसीबत एवं आने बाली परेशानियों से रक्षा होती है । कार्यक्रम में श्रीमती संध्या बसन्त मालवी श्रीमती साक्षी तरुण साहू श्रीमती भावना अजय प्रजापति श्रीमती पूनम ठाकुर श्रीमती भारती साहू श्रीमती ज्योति बुनकर श्रीमती दुर्गा साहू श्रीमती सरिता अरविन्द मालवी श्रीमती लता साहू श्रीमती आरती बुनकर एवं वार्ड की महिलाएं उपस्थित थी। श्री काली माता की पूजा अर्चना एवं स्थापना का कार्य पण्डित श्री रजनीश महाराज शास्त्री की पन्ना बाले जी के द्वारा किया जा रहा है । 11 नवम्बर दिन सोमवार को पूजा अर्चना हवन के बाद विशाल भण्डारा किया जाएगा।

यादगार रही तीर्थक्षेत्र गिरनारजी की छह दिवसीय यात्रा

छिंदवाड़ा, देशबन्धु। महान पुण्योदय हो तब जाकर इस कलिकाल में तीर्थक्षेत्र एवं सिद्धक्षेत्र की मंगलकारी यात्रा एवं वंदना करने का सौभाग्य मिलता है, वह भी 151 साधर्मियों के साथ मंगलगान सहित आध्यात्म की चर्चा करते हुए 6 दिनों तक संग रहकर जिनशासन की मंगल प्रभावना का सातिशय पुण्योदय।

उक्त मार्मिक उदगार गिरनार यात्रा से लौटे जिनशासन सेवक दीपक राज जैन ने व्यक्त किये, श्री जैन ने बताया कि छिंदवाड़ा, जबलपुर सहित मध्य प्रदेश से 151 तीर्थयात्री 6 दिवसीय यादगार गिरनार यात्रा कर छिंदवाड़ा लौटे जिसे कराने का सौभाग्य संघपति श्रीमती निधि मनोज जैन मंटू भैय्या बाबूसाव कुंडा वाला परिवार को प्राप्त हुआ।

संघ ने मंगलकारी सामूहिक वंदना की -यात्रा संघ ने प्रात: 4 बजे मंगलगान एवं जयघोष के साथ 22 वें तीर्थंकर नेमीनाथ भगवान की निर्वाण स्थली गिरनारी की सामूहिक वंदना की ओर पांचों टोंको पर मंगलगान कर नेमी प्रभु सहित करोड़ों दिगंबर महामुनिराजों को नमन किया। पंचमी टोंक की वंदना कर हाथों में तिरंगा लेकर सभी ने नेमीनाथ भगवान सहित भारत माता की जयघोष कर वंदे मातरम् का नारा लगाया जिससे सभी की आँखें नम हो गई।

जगह जगह हुआ आत्मीय अभिनंदन -यात्रा संघ सोमनाथ एक्सप्रेस से जूनागढ़ के लिए रवाना हुआ जिसका जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवाडा, इटारसी, भोपाल, राजकोट, अहमदाबाद में आत्मीय स्वजनों ने आत्मीय अभिनंदन किया और सकल जैन समाज द्वारा शुभकामनाएं दी गई।संघपति बाबू साव परिवार का हुआ सम्मान -मंगलकारी यात्री कराने वाले जिनशासन सेवक श्रीमती रोशनी राकेश जैन, निधि मनोज जैन, प्रियता स्वतंत्र जैन बाबू साव कुंडा वाला परिवार का समवशरण मंदिर ट्रस्ट जूनागढ़ सहित सभी रिश्तेदारों एवं तीर्थयात्रियों द्वारा आत्मीय अभिनंदन कर उनके शुभ भावों की खूब खूब अनुमोदना की गई।

जिनवाणी पालकी यात्रा निकाली -मध्य प्रदेश यात्रा संघ को ब्रह्मचारी सुमतजी जैन गिरनारजी ने हस्तलिखित जिनवाणी ताड़पत्रों के दर्शन कराए जिसकी खुशी में संघ द्वारा भजन भक्ति पूर्वक मंदिर विधि का आयोजन कर जिनवाणी पालकी यात्रा निकाल कर जिनशासन की मंगल प्रभावना की गई जो गिरनारी के इतिहास में पहली बार हुआ।

अहिंसा रैली निकाली -यात्रा के अंतिम दिन सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक दीपक राज जैन के साथ मध्य प्रदेश सहित मुम्बई से आए अहिंसा प्रेमियों ने अहिंसा रैली निकाल कर गिरनारजी में जियो ओर जीने दो के साथ जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण का पावन संदेश दिया ओर तीर्थंकर महावीर भगवान की सर्वोदय अहिंसा को जन जन तक पहुंचाया।

मीडिया सहित संघ का माना आभार -यात्रा संघ के संघपति श्रीमती निधि मनोज जैन का कहना है कि इस मंगलकारी यात्रा को हम जीवन भर नहीं भूल पाएंगे हम तो मात्र निमित्त बने वास्तव में ये तो सभी का सामूहिक पुण्योदय था जिसमें हमें बाल ब्रह्मचारिणी डॉक्टर आरती बहन सहित सभी साधर्मियों का समागम मिला, मंगलकारी गिरनार यात्रा को जनजन तक पहुंचाने के लिए उन्होंने सम्मानीय मीडिया का हृदय से आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

धूमधाम से मनाया गया छठ पर्व

कृत्रिम गड्ढा खोद कर भरा पानी और उसमें मनाया पर्व

जुन्नारदेव गुढ़ी अंम्बाडा, देशबन्धु। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी गुढ़ी के गढ़ा दफाई में छठ पर्व बड़े ही धूम धाम से मनाया गया, उक्त पर्व यहा निवासरत एक भारती परिवार ने उक्त पर्व को मनाया। इस पर्व को मनाने भारती परिवार ने घर के बगल में कृत्रिम गड्ढा खोदा बाद में उसमें टेंकर से पानी भरा, बाद में परिवार एवं स्थानीय जनों के सहयोग से इस पर्व को मनाया।महेश भारती के यहाँ ग्राम गुढ़ी में छठ पूजा की शुरुवात 06 तारीख को नहाय खाय के साथ उनकी पत्नी सविता भारती के द्वारा शुरुवात की गई, दूसरे दिन 07 तारीख को छठ पूजा की शुरुवात सायं 04 बजे से कृतिम गड्ढा खोदकर उसमे टेंकर से पानी भरकर उसमे उतरकर सूर्य अस्त होने तक पूजन किया गया ढ्ढ उसके पश्चात दूसरे दिन 08 तारीख को भोर में प्रात: 04 बजे से फिर उस कृत्रिम गड्ढे में उतरके सूर्य उदय होने तक पूजन अर्चना किया गया , उक्त छठ पूजा को भारती परिवार के द्वारा बड़े ही धूम धाम से मनाया गया , उसके पश्चात पूजा में उपस्थित सभी ग्राम वासी को प्रसाद वितरण किया गया , छठ पूजा को संपन्न करने में उनकी माता जी भागमनी भारती उनकी दोनों नन्द राजकुमारी गौतम फूलकुमारी गोनेकर उनके देवर मिथलेश भारती देवरानी सोनिया भारती और उनकी बड़ी नन्द की देवरानी मधुबाला और पूजा एवं उनके पुत्र प्रियांशु भारती पुत्री आयुषी भारती भांजा शुभांशु गौतम भांजी शीतल गौतम उनके दामाद संजय गौतम एवं अन्य सभी का बहुत सराहनीय योगदान रहा , छठ पूजा को संपन्न करने में उनके मोहल्ले एवं आस पड़ोस के सभी लोगों का भी सहयोग रहा है।

चांद कालेज में युवा उत्सव का समापन

छिंदवाड़ा, देशबन्धु। शासकीय महाविद्यालय चांद छिंदवाड़ा में युवा उत्सव की संगीत की विधाओं के समापन अवसर पर बोलते हुए पर बोलते हुए प्राचार्य प्रो. अमर सिंह ने छात्रों को विभिन्न विधाओं में अभिरुचि दिखाने के लिए आशीर्वचन देते हुए कहा कि प्रतिस्पर्धा व्यक्ति को स्वयं से परिचय कराती है। युवा वही है जिसमें लक्ष्यपरकता , दक्षता और महक आती हो। छात्रों को अपनी नैसर्गिक प्रतिभा को निखारने में कोई कोर कसर नहीं छोड़नी चाहिए। प्रो. रजनी कवरेती ने कहा कि जहां शब्द मैदान छोड़ते हैं, वहां संगीत मोर्चा संभालता है।

छात्र निरंतर अभ्यास से उत्कृष्ट प्रतिभा अर्जित कर सकते हैं। जीता खिलाड़ी हार पहनता है, हारा हुआ भविष्य के लिए जीतने का संकल्प करता है। प्रो. जी. एल. विश्वकर्मा ने कहा कि जिस घाव को दवा न भरे, संगीत उसकी जिम्मेदारी लेता है। जिस दर्द को कोई शरण न दे, संगीत उसे आंचल में बैठा लेता है। प्रो. सकरलाल बट्टी ने कहा कि संगीत आत्मा पर जमी धूल को साफ करता है। संगीत पीड़ा से जन्मता है और जादुई उपचार भी करता है। संगीत से जिसका नाता टूटा, वह ज्यादा नहीं चलता है। प्रो. राजकुमार पहाड़े ने कहा कि संगीत पत्थर को पिघला सकता है। संगीत वह अकेला सत्य है जो अव्यक्त को व्यक्त करता है। प्रो. सुरेखा तेलकर ने कहा कि युवा उत्सव युवाओं को सफल नागरिक बनने की दिशा प्रदान करते हैं। संगीत नीरवता की भाषा बोलता है। गाने वाले के पास बुराइयां नजदीक नहीं आती हैं। प्रो . सन्तोष उसरेठे ने कहा कि संगीत माधुर्य की कविता है, दिमाक की कल्पना है और ब्रह्मांड की आत्मा है। संगीत के बहाव को रोकना वक्त को रोकने जैसा अकल्पनीय, अविश्वसनीय है। प्रो. रक्षा उपश्याम ने कहा कि कोई भी कितना मूढ़ क्यों न हो, संगीत को अवश्य महसूस करता है।

गाय को राष्ट्र माता बनाने को वाहन यात्रा

छिंदवाड़ा, देशबन्धु। शनिवार को विप्र पुरोहित सेवा संगठन छिंदवाड़ा के तत्वावधान में विशाल वाहन यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें पूज्यपाद जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री 1008 श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी के संकल्प गौ माता को राष्ट्र माता बनाने के उद्देश्य से संगठन ने सनातन धर्म की अधिष्ठात्री देवी गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने हेतु सरकार से मांग की, एवं आम जनमानस को गौ माता के प्रति जागरूक किया।

आज के कार्यक्रम में संगठन के अध्यक्ष पं. श्रवण कृष्ण शास्त्री जी, जिला प्रवक्ता पं. अंकुश कृष्ण महाराज एवं पं. हनिश्वर शास्त्री, संगठन मंत्री पं. राजा तिवारी, पूर्वाध्यक्ष्य पं. नंदकिशोर शास्त्री,महाकौशल प्रभारी पंडित मनीष तिवारी पंडित चंद्र प्रताप द्विवेदी बबलू भैया, पंडित दयाराम शास्त्री, पंडित अविनाश मिश्रा जी, गौ रक्षा सेवा प्रमुख पं.अन्नू शर्मा, पंडित राकेश शर्मा, पं.आशीष अवस्थी, पंडित देव कुमार शास्त्री, पंडित राजेंद्र शुक्ला, पंडित सचिन दुबे, अभिषेक दुबे, पंडित राजा पांडे, केशव दुबे, भरत दुबे,यश शर्मा, हर्ष पांडे आशुतोष पांडे, हरिओम तिवारी, हर्ष पांडे, ऋषभ तिवारी आदि शामिल हुए।

जिला माली समाज का मिलन समारोह आज

छिंदवाड़ा, देशबन्धु। आज 10 नवंबर दिन रविवार को जिला माली समाज विकास परिषद द्वारा दीपावली मिलन समारोह माली समाज भवन माता मंदिर बरारीपुरा में दोपहर 2 बजे से आयोजित किया गया है । जिसमें सभी सामाजिक बन्धुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है । इस अवसर पर सावित्री बाई फुले जी की प्रतिमा लोनिया महात्मा फुले भवन में स्थापित करने हेतु चर्चा की जायेगी एवं सांसद विवेक बंटी साहू द्वारा अनावरण कराने हेतु तारीख निश्चित की जायेगी । समाज के अध्यक्ष भाउराव चरपे ने इस दीपावली मिलन समारोह में समस्त सामाजिक बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है ।

अमरवाड़ा में बनेगा ठाकुर समाज का भवन

अमरवाड़ा,देशबन्धु। इतिहास रहा है की ठाकुर क्षत्रिय समाज ने हमेशा ही देश हित व आम जनों के हित मे कार्य किया है ओर आज भी आप सभी सामाजिक बंधु मिलकर अपनी परम्परा को आगे बढ़ा रहे है ओर आपके प्रत्येक अच्छे कार्य मे हम सब आपका साथ देंगे।

उक्तशय के विचार अमरवाड़ा मे आयोजित ठाकुर समाज के महाकुम्भ मे छिंदवाड़ा के सांसद विवेक बंटी साहू ने व्यक्त किये। उन्होंने अमरवाड़ा मे ठाकुर समाज का भव्य भवन बनाने के लिए शासन से भूमि व अपनी सांसद निधि से भवन निर्माण हेतु पर्याप्त धन राशि देने की घोषणा की। वही अमरवाड़ा के क्षेत्रीय विधायक राजा कमलेश शाह ने भी भवन निर्माण हेतु पर्याप्त धन राशि विधायक निधि से देने की घोषणा की। इस महासम्मेलन मे प्रतिभाओ का सम्मान भी सांसद विधायक के हस्ते किया गया। इसके आलावा सम्मेलन मे युवक युवती परिचय सम्मेलन, सामाजिक संगोष्ठी का भी आयोजन हुआ।

सांसद एवं विधायक ने की घोषणा

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रीती तिवारी,दीपक नेमा, वीरेंद्र राजपूत, नितिन तिवारी, छिंदवाड़ा सिवनी मंडल के संरक्षक दिनेश सिंह ठाकुर ,अमरवाड़ा संरक्षक विजय नारायण ठाकुर, जिलाध्यक्ष प्रीतम ठाकुर,अमरवाड़ा अध्यक्ष भोला सिंह ठाकुर, अमरवाड़ा सचिव व जिला मीडिया प्रभारी सूरज ठाकुर, उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर, वरिष्ठ नागरिक मुरलीधर ठाकुर, संयोजक मुकेश ठाकुर,प्रवक्ता दिनेश ठाकुर, जिला उवाध्यक्ष उदय सिंह ठाकुर, प्रमोद ठाकुर, पिल्टू ठाकुर,शैलू ठाकुर सहित अन्य ठाकुर समाज के सदस्य गण उपस्थित रहे।